फा.सं.10-3/2013-प्रशि./

**भारत सरकार**

Government of India

केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो

CENTRAL TRANSLATION BUREAU

राजभाषा विभाग:गृह मंत्रालय

Department of Official Language : Ministry of Home Affairs

पर्यावरण भवन, 8 वां तल, बी-ब्लाक,
Paryavaran Bhawan, 8th Floor, B-Block,
केंद्रीय कार्यालय परिसर, लोदी रोड.
C.G.O. Complex, Lodi Road,
नई दिल्ली-110003
New Delhi-110003

**दिनांक:**

सेवा में,

...........................
...........................
...........................
...........................

**विषय : त्रैमासिक अनुवाद प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ।**

महोदय,

केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/ कार्यालयों/उपक्रमों/राष्ट्रीयकृत बैंकों/निगमों आदि के अनुवादकों तथा अनुवाद कार्य में लगे/संबद्ध अधिकारियों/कर्मचारियों को अनुवाद प्रशिक्षण प्रदान करता है । यह प्रशिक्षण राजभाषा विभाग (गृह मंत्रालय) ने केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों में अनुवाद कार्य पर लगे सभी कर्मचारियों के लिए अपने दिनांक 5 मई, 1975 के कार्यालय ज्ञापन सं0 11/13017/12/75-रा.भा. (ग) से अनिवार्य कर दिया था। यह प्रशिक्षण नि:शुल्क एवं पूर्णकालिक है ।

2. राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय ने अपने तारीख 18.11.87 के का0 ज्ञा0 सं0 13017/6/87- रा.भा. (ग) द्वारा यह स्पष्ट किया है कि केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा दिए जा रहे अनुवाद प्रशिक्षण के लिए विभिन्न सरकारी उपक्रमों/राष्ट्रीयकृत बैंकों में भी अनुवाद कार्य में लगे हुए या उससे जुड़े हुए अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित किया जाए, चाहे उनके पदनाम कुछ भी हों ।

3. उक्त प्रशिक्षण पाने वाले कर्मचारियों की दिनों-दिन बढ़ती संख्या को देखते हुए दिल्ली केंद्र के अलावा तीन और अनुवाद प्रशिक्षण केंद्र - मुंबई, बेंगलूर और कोलकाता में खोले गए हैं । दिल्ली तथा अन्य तीनों केंद्रों के पते इस प्रकार हैं :-

(क) निदेशक,
केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो,
पर्यावरण भवन, 8वीं मंजिल,
बी-ब्लाक, केंद्रीय कार्यालय परिसर, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003
दूरभाष: 011-24362025, 24362988
फैक्स: 011-24362025, 24362988, 24362151
ई मेल - dirctb-dol@nic.in

***....जारी /-***

(ख) सहायक निदेशक / केंद्र प्रभारी, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, अनुवाद प्रशिक्षण केंद्र,
केंद्रीय सदन, छठी मंजिल, सी.बी.डी.बेलापुर, नवी मुंबई - 400614
दूरभाष: 022-27572726 फैक्स: 022-27566902
ई-मेल - admumctb-dol@nic.in

(ग) सहायक निदेशक / केंद्र प्रभारी, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, केंद्रीय सदन, पांचवां तल,
"डी " विंग, कोरमंगला, बेंगलूर - 560034
दूरभाष: 080-25502162 फैक्स: 080-25531946
ई-मेल - adbangctb-dol@nic.in

(घ) सहायक निदेशक / केंद्र प्रभारी, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, बालीगंज पार्क टावर्स,
10वां तल, 67-बी, बालीगंज सर्कुलर रोड, कोलकाता - 700019
दूरभाष: 033-22876799 फैक्स: 033-22876044
ई-मेल - adkolctb-dol@nic.in

4. ये केंद्र जिन शहरों में स्थित हैं, उनके आस-पास के क्षेत्रों जैसे बेंगलूर (दक्षिणी क्षेत्र), मुंबई(पश्चिमी क्षेत्र), कोलकाता(पूर्वोत्तर क्षेत्र) और नई दिल्ली(उत्तरी क्षेत्र) में स्थित कार्यालयों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिए जाने की व्यवस्था प्राय: उन्हीं केंद्रों पर की जाती है । यह प्रशिक्षण उपयोगी और आवश्यक है ।

5. दिल्ली केंद्र में बाहर से आने वाले प्रशिक्षार्थियों के लिए छात्रावास में ठहरने की व्यवस्था है ।

6. त्रैमासिक अनुवाद प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के वर्ष में चार सत्र होते हैं, जो अप्रैल, जुलाई, अक्तूबर और जनवरी की पहली तारीख/प्रथम कार्यदिवस से शुरू होते हैं । प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सर्वप्रथम संबंधित कर्मचारी का नाम पंजीकृत किया जाता है । प्रशिक्षण के लिए संबंधित कर्मचारी की शैक्षिक योग्यता कम से कम हिंदी और अंग्रेजी विषयों सहित स्नातक होना चाहिए ।

अत: आपसे अनुरोध है कि आप अपने कार्यालय के साथ-साथ अपने अधीनस्थ कार्यालयों के ऐसे कर्मचारियों को उक्त प्रशिक्षण के लिए भेजने की कृपा करें, जिनसे अनुवाद कार्य या सभी कार्य द्विभाषिक रूप में (हिंदी-अंग्रेजी भाषा) करने की अपेक्षा की जाती है और जिन्होंने उक्त प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है । कृपया उनका विवरण संलग्न नामांकन प्रपत्र में भरकर केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, के संबंधित प्रशिक्षण केंद्रों में भेजें ताकि केंद्र पर उनका पंजीकरण किया जा सके और बारी-बारी से उन्हें प्रशिक्षण के लिए बुलाया जा सके ।

भवदीय,

**(डा. एस.एन. सिंह)**
**निदेशक**
फोन/फैक्स - 011-24362025

<u>संलग्न : नामांकन प्रपत्र</u>

# <u>नामांकन के लिए प्रपत्र</u>

**क्रमांक** : **....................................... ...............................(ब्यूरो द्वारा)**

उम्मीदवार का नाम : ..................................................................
(व्यक्तिगत फोन नं. ..................................................................
तथा ई-मेल पता) ..................................................................
..................................................................
..................................................................

कार्यालय का पता : ..................................................................
..................................................................
..................................................................
फोन नं. .........................फैक्स नं. ...............
ई-मेल ..........................................................

पदनाम : ..................................................................

शैक्षिक योग्यता : ..................................................................

स्नातक परीक्षा के विषय : ..................................................................
..................................................................
..................................................................

वेतनमान : ..................................................................

अभ्युक्ति : ..................................................................

(सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर)
नाम :
पदनाम :

---

* कृपया बताएं कि हिंदी तथा अंग्रेजी अनिवार्य विषय के रूप में लिए हैं या ऐच्छिक ।